# अभ्यास प्रश्न पत्र

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 15**

**(क) यदि भाषा का लिखित रूप विकसित न हुआ होता, तो क्या होता? लिखिए।**

यदि भाषा का लिखित रूप विकसित न हुआ होता तो हम लिखकर और पढ़कर विचारों का आदान-प्रदान नहीं कर पाते।

**(ख) किसी भाषा के लिए व्याकरण का क्या महत्त्व है? स्पष्ट कीजिए।**

भाषा वर्णों, शब्दों एवं वाक्यों के व्यवस्थित रूप से बनती है। वर्णों, शब्दों एवं वाक्यों की व्यवस्था कैसी होगी अर्थात किस वर्ण, शब्द अथवा वाक्य का प्रयोग कहाँ और कैसे होगा। इसका ज्ञान व्याकरण कराता है। व्याकरण भाषा को शुद्ध रूप से बोलना, पढ़ना और लिखना सिखाने वाला शास्त्र है।

**(ग) संधि और समास में क्या अंतर है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।**

संधि में दो वर्णों का मेल होता है जबकि समास दो शब्दों का मेल है जिसमें कारक चिह्नों या शब्दों का लोप हो जाता है।

**(घ) विशेषण और प्रविशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

विशेषण शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं जबकि प्रविशेषण शब्द विशेषण की विशेषता बताते हैं।

**(ङ) देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली चार भाषाओं के नाम लिखिए।**

संस्कृत, हिंदी, मराठी तथा नेपाली देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं।

**2. रिक्त स्थानों की सही विकल्प से पूर्ति कीजिए। 5**

(क) हिंदी को राजभाषा का स्थान **1949** में दिया गया। (1949, 1950, 1952)

(ख) उर्दू भाषा की लिपि **अरबी-फ़ारसी** है। (देवनागरी, अरबी-फ़ारसी, गुरमुखी)

(ग) भाषा के मौखिक रूप को भाषा का **मूल** रूप भी कहा जाता है। (मूल, पूर्ण, अपूर्ण)

(घ) स्वर संधि के **5** भेद हैं। (2, 3, 5)

**3. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए। 2**

**प्रायश्चित –** प् + र् + आ + य् + अ + श् + इ + च् + अ + त् + अ

**संपूर्णता –** स् + अं + प् + ऊ + र् + ण् + अ + त् + आ

**4. निम्नलिखित में संधि कीजिए और संधि का नामोल्लेख कीजिए।** **4**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनु | + | छेद | = | अनुच्छेद | व्यंजन संधि |
| गुरु | + | उपदेश | = | गुरूपदेश | दीर्घ संधि |
| नर | + | इंद्र | = | नरेंद्र | गुण संधि |
| जगत् | + | ईश | = | जगदीश | व्यंजन संधि |

**5. निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची दीजिए।** **2**

**वृक्ष** – पेड़, विटप **आकाश** – आसमान, नभ

**6. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए।** **4**

आज **अनल** में जल गया सारा ही परिवेश (अनल, अनिल)

द्रौपदी का **चीर** हरण हुआ। (वस्त्र, चीर)

रामचरितमानस की रचना **अवधी** भाषा में हुई। (अवधी, अवधि)

पृथ्वी एक **ग्रह** है। (ग्रह, गृह)

**7. निम्नलिखित उपसर्गों और प्रत्ययों से एक-एक शब्द बनाइए।** **2**

**अन** – अनजान **इत** – इच्छित

**अप** – अपमान **ई** – विदेशी

**8. समस्तपद का विग्रह कर समास का नाम भी लिखिए।** **3**

| | | |
|---|---|---|
| देशप्रेम | देश के लिए प्रेम | तत्पुरुष समास |
| नीलकंठ | नीला है जो कंठ | कर्मधारय समास |
| दशानन | दस हैं आनन जिसके | बहुब्रीहि समास |

**9. रचना के आधार पर शब्दों के भेद पहचानिए।** **2**

**जलज** – योगरूढ़ **परोपकार** – यौगिक

**घर** – रूढ़ **निशाचर** – योगरूढ़

**10. निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।** **3**

**ज्येष्ठ** – जेठ **पत्र** – पत्ता

**श्रावण** – सावन **दंत** – दाँत

**अक्षि** – आँख **मयूर** – मोर

**11. निम्नलिखित से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए। 2**

| | |
|---|---|
| खट्टा – खटाई | निकृष्ट – निकृष्टता |
| ऊँचा – ऊँचाई | मनुष्य – मनुष्यता |

**12. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।**

**(क) लिंग बदलिए। 2**

| | |
|---|---|
| विदुषी – विद्वान | बुद्धिमान – बुद्धिमती |
| सम्राज्ञी – सम्राट | साँप – साँपिन |

**(ख) कारक पहचानिए तथा भेद का नाम लिखिए। 2**

| | |
|---|---|
| पेड़ से फल गिरा। | अपादान कारक |
| वह आपके लिए फल लाएगा। | संप्रदान कारक |

**13. पुरुषवाचक सर्वनाम और निजवाचक सर्वनाम का अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 2**

पुरुषवाचक सर्वनाम में कहने वाला (वक्ता), सुनने वाला (श्रोता) तथा अन्य जिसके विषय में कहा जाता है तीनों का बोध होता है। जैसे– मैं, तू, वह। निजवाचक सर्वनाम में शब्दों से अपनेपन का बोध होता है अर्थात इन्हें निजता पर बल देने के लिए प्रयोग किया जाता है। जैसे– खुद, स्वयं, अपने आप।

**14. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषणों को पहचान कर विशेषण के भेद का नामोल्लेख कीजिए। 3**

मेरी मित्र की रंगीन पुस्तक का पहला पृष्ठ बहुत सुंदर है। किसी की नज़र न लग जाए तुम इस बात का ध्यान रखना।

**मेरी** – सार्वनामिक विशेषण

**रंगीन** – गुणवाचक विशेषण

**पहला** – निश्चित संख्यावाचक विशेषण

**सुंदर** – गुणवाचक विशेषण

**इस** – सार्वनामिक विशेषण

**15. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्य को परिवर्तित कीजिए। 2**

खाना खाते ही वह सो गया

**संयुक्त वाक्य** – उसने खाना खाया और सो गया।

**मिश्र वाक्य** – उसने जैसे ही खाना खाया, वैसे ही सो गया।

**16. वाच्य-परिवर्तन कीजिए। 3**

| | | |
|---|---|---|
| मुझसे देखा नहीं जाता | – कर्तृवाच्य में | मैं देख नहीं सकता। |
| पुलक फुटबॉल खेल रही है | – कर्मवाच्य में | पुलक से फुटबॉल खेली जा रही है। |
| पक्षी उड़ेंगे | – भाववाच्य में | पक्षियों से उड़ा जाता है। |

**17. रंगीन पदों का परिचय दीजिए। 2**

(क) **मूर्ख व्यक्ति** का कुछ नहीं हो सकता

विशेषण, संज्ञा, एकवचन, पुल्लिग

(ख) **वहाँ कोई** बैठा हुआ है।

स्थानवाचक क्रियाविशेषण, अनिश्चयवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिग

**18. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछ गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5**

मेरी अहिंसा ऐसे किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को मुफ़्त का भोजन दिया जाना सहन नहीं करेगी जिसने ईमानदारी के साथ उसके एवज़ में कोई-न-कोई काम न किया हो। अगर मेरी शक्ति में होता तो मैं ऐसे सभी सदाव्रत बंद करा देता जिनमें मुफ़्त भोजन कराया जाता है। यह प्रणाली राष्ट्र को गिरावट की ओर ले गई है और उसने आलस्य, अकर्मण्यता, ढोंग और यहाँ तक कि अपराधवृत्ति को भी बढ़ावा दिया है। अपात्रों पर दयालुता दिखाने की इस वृत्ति से राष्ट्र की संपत्ति में कोई वृद्धि नहीं होती-न भौतिक और न आध्यात्मिक-बल्कि इससे दानदाता में पुण्यशाली होने की झूठी भावना पैदा होती है।

**(क) लेखक की अहिंसा किस प्रकार के लोगों को मुफ़्त का भोजन देना पसंद नहीं करेगी?**

जिसने ईमानदारी के साथ उसके एवज़ में कोई काम न किया हो अर्थात मेहनत न की हो।

**(ख) लेखक की शक्ति में होता, तो वे क्या करते?**

लेखक ऐसे सभी सदाव्रत बंद करा देते जहाँ मुफ़्त का भोजन कराया जाता है।

**(ग) सदाव्रत बाँटने की प्रणाली का राष्ट्र के जीवन पर कैसा प्रभाव पड़ता बताया गया है?**

इससे आलस्य, ढोंग, अकर्मण्यता और अपराधवृत्ति को बढ़ावा मिलता है।

**(घ) अपात्रों पर दयालुता दिखाने से किस प्रकार की भावना पैदा होती है?**

इससे राष्ट्र की संपत्ति में कोई वृद्धि नहीं होती– न भौतिक और न

आध्यात्मिक – बल्कि इससे दानदाता में पुण्यशाली होने की झूठी भावना पैदा होती है।

**(ङ) बुद्धिमत्तापूर्ण और अकर्मण्यता शब्दों में मूल शब्द एवं प्रत्यय अलग कीजिए।**

बुद्धि + मत्ता + पूर्ण; अकर्मण्य + ता

**19. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5**

(क) उफ़! ये भीषण गर्मी (ख) समय प्रबंधन

(ग) कैसे कम होगा भ्रष्टाचार?

**20. अपने मित्र को वाद-विवाद प्रतियोगिता जीतने पर पत्र लिखकर बधाई दीजिए। 5**

**19 एवं 20 छात्र स्वयं करें।**